समाचार

# स्माल गार्डनिंग से शहर सौदंर्यीकरण को मिल रहा नया लुक, जगह–जगह मुस्कुरा रहे नयनाभिराम रंग बिरंगे फूल व पौधे

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में चौक–चौराहों, सड़कों के किनारे की गई स्माल गार्डनिंग )



कोरबा 30 दिसम्बर 2025 – ऊर्जाधानी औद्योगिक नगरी कोरबा के शहर सौदंर्यीकरण को स्माल गार्डनिंग के द्वारा मनमोहक नया लुक दिया जा रहा है, चौक–चौराहों व सड़कों के किनारे स्माल गार्डनिंग कर विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे रोपित किए गए हैं, जिन में नयनाभिराम रंग बिरंगे फूल मुस्कुरा तथा पौधे सुंदरता बिखेर रहे हैं, इनसे चौक–चौराहों की सुंदरता बढ़ रही है, वहीं लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं भी लगातार सामने आ रही हैं, वे शहर सौदंर्यीकरण की दिशा में निगम के इस कदम की प्रशंसा कर रहे हैं।

नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा विभिन्न चौक–चौराहों, सड़कों किनारे तथा विविध स्थानों पर स्माल गार्डनिंग की गई है। निगम द्वारा सीएसईबी चौक, सुभाष चौक, घंटाघर, अप्पू

गार्डन, निगम कार्यालय साकेत, कलेक्ट्रेट एटीएम के पास, डी–1, डी–2 आवासगृह के समीप स्माल गार्डनिंग की गई हैं, इसके अंतर्गत विभिन्न थीम व डिजाईन पर विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे रोपित किए गए हैं, जिनमें रंग–बिरंगे फूल मुस्कुरा तथा स्माल पौधे सौदंर्य बिखेर रहे हैं, इससे शहर व स्थल की सुंदरता को नया लुक मिल रहा है, वहॉ से आने जाने वाले लोग अनायास ही इनसे आकर्षित हो रहे हैं।

**निगम का सराहनीय कदम** – सुभाष ब्लाक कोरबा निवासी फिरतराम यादव कहते हैं कि निगम ने जगह–जगह स्माल गार्डनिंग कर फूलदार पौधे रोपित किए हैं, साकेत भवन परिसर में भी इन पौधों का रोपण किया गया है, वहॉ पर एक ओर जहॉ रंग–बिरंगे फूल मुस्कुरा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शाम के समय वाटर फाउंटेन चलने से वहॉ पर मनोहारी दृश्य उपस्थित होता है। श्री यादव ने यह भी कहा कि वर्तमान में निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में अच्छी कसावट लाई गई है तथा शहर साफ–सुथरा दिखता है, मैं निगम के इस कदम की सराहना करता हूॅ।

**बढ़ रही शहर की सुंदरता** – एम.पी.नगर निवासी पवनदास दीवान का कहना है कि चौक–चौराहों में स्माल गार्डनिंग कर रंग–बिरंगे फूलदार पौधे निगम द्वारा लगाए गए हैं, इससे शहर की सुंदरता बढ़ रही है, आने–जाने वाले लोग अनायास ही इनसे आकर्षित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि शहर के और अधिक स्थलों व चौक–चौराहों में यह कार्य होगा, मैं यह उम्मीद करता हूॅ।

**विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे रोपित** – निगम के उद्यान अधीक्षक श्री आनंद राठौर ने बताया कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में शहर के विभिन्न चौक–चौराहों व सड़कों के किनारे विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे आकर्षक डिजाईनों में रोपित किए गए हैं, अभी भी कुछ स्थानों पर यह कार्य प्रगति पर है। उन्होने बताया कि इसके तहत मेरीगोल्ड, साल्विया, पिरोनिया, बरबीना, डैन्थस, जीनिया, गजेनिया, पिटूनिया सहित अन्य मौसमी फूलों के पौधों का रोपण किया गया है।